महत्वपूर्ण एवं खास

बैंकों ने चलाया ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा अभियान

महासमुंद (आरएनएस)। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अनुराग वास्तव ने बताया है कि वित्तीय सेवा विभाग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में 01 अप्रैल 2023 से जन सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत् ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से वंचित हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाने हेतु पंचायतों में संतृप्ति अभियान 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत् प्रत्येक सप्ताह के विभिन्न दिनों में बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी, बैंक सखी, एफएलसीआरपी की मदद से संबंधित ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देगें, साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे का प्रयास करेंगे।

जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सांकरा राष्ट्रीय आवार्ड से नवाजे गए

नगरी (आरएनएस)। जनपद पंचायत नगरी के सर्वाधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत सांकरा इस बार स्वस्थ पंचायत के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में अव्वल नम्बर पर रहे। ज्ञात हो कि वर्ष 2022-23 के पुरस्कार हेतु 09 थीम पर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार आमंत्रण किया गया था, जिसमें इस बार स्वस्थ पंचायत थीम पर ग्राम पंचायत सांकरा पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल रहे। ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच शशि ध्रुव एवं सचिव मदन सेन ने ग्रामीणों के मंशा के अनुरूप जनसामान्य के हित को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन एवं निर्माण कार्य कराते है। इसी श्रृंखला में ग्राम पंचायत सांकरा द्वारा सांकरा के अस्पताल में भव्य वैक्सिनेशन कक्ष तैयार किया गया है व परिसर में ग्रिनरी का विस्तार किया गया है, पूर्व में ग्राम पंचायत सांकरा को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एल.एन. पटेल, विकास विस्तार अधिकारी द्वय एन.के. बागड़े, आर.एस. नेताम, पंचायत निरीक्षक आनंद साहू, सरपंच संघ एवं जनपद परिवार नगरी की ओर से बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है।

मरोदा टैंक मे कर्मा महोत्सव का आयोजन हुआ

रिसाली (आरएनएस)। तहसील साहू संघ रिसाली के तत्वावधान में साहू समाज इकाई मरोदा टैंक के द्वारा दुर्गा चौक मे कर्मा महोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि साहू समाज के जिलाध्यक्ष हरिद्वारीका साहू थे।अध्यक्षता तहसील साहू संघ रिसाली के अध्यक्ष सन्तोष कुमार साहू ने की।विशेष अतिथी रिसाली महापौर शशि ,सिन्हा,पार्षद विधि यादव, सरिता देवागन, तोखराम् साहू व ड्रॉ आर एल् साहू थे।कार्यक्रम की सुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई।माँ कर्मा की पूजा अर्चना व आरती के बाद अतिथियो का सममान किया गया।कार्यक्रम का संचालन अस्वनी कुमार बनपाल ने किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेन्द्र साहू, प्रभा बनपाल,हरिश्चन्द साहू, स्थानीय अध्यक्ष तेजराम साहू, दयालु राम साहू,भरत लाल साहू, धनजीत, उपेंद्र ,प्रदीप साहू उपस्थित थे।अंत मे आभार धनाजीत साहू ने किया।

सारंगपुरी में मनाया गया क्षेत्रस्तरीय आमा जोगानी पर्व

नगरी (आरएनएस)। गोंडवाना समाज क्षेत्र चिवर्री ग्राम - करैहा सारंगपुरी में गोंडी संस्कृति से जुड़े महानआस्था का पर्व चैत्रई के अवसर पर 6 एवं 7 अप्रैल को दो दिवसीय देव मंडई एवं गोंडी धर्म संस्कृति, सामाजिक आयोजन किया गया। इसमें गोंडवाना समाज का इतिहास ,धर्म, संस्कृति, सामाजिक एकता , रोजगार ,शिक्षा,नशा मुक्ति एवं धर्मांतरण पर रोक के विषय पर व्याख्यान हुआ। गोंड़ समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मी ध्रुव, विशेष अतिथि रामप्रसाद मरकाम अध्यक्ष गोंडवाना समाज,हरक मंडावी उपाध्यक्ष, उमेश देव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज,प्रमोद कुंजाम युवा प्रभाग अध्यक्ष, महेश गोटा, हेमलाल मरकाम,वेदप्रकाश मंडावी रहे।

वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा से गढ़ रहे हैं बच्चों का भविष्य : मंत्री डॉ. टेकाम

- स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने 1 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन आलकन्हार एवं 68 लाख 64 हजार रूपए की लागत से हाई स्कूल भवन करमतरा का किया लोकार्पण
- ग्राम करमतरा में हायर सेकेण्डरी स्कूल उन्नयन और कन्या छात्रावास की घोषणा की
- विद्यालय के खुलने से आसपास के बच्चों को मिलेगी अच्छी शिक्षा

मोहला (आरएनएस)। स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग तथा सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम करमतरा में 68 लाख 64 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित नवीन हाई स्कूल भवन तथा मोहला विकासखंड के ग्राम आलकन्हार में 1 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित नवीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम करमतरा में हायर सेकेण्डरी स्कूल उन्नयन और कन्या छात्रावास की घोषणा की। स्कूल शिक्षा डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने नये स्कूल भवन बनने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र में स्कूल खोलना सौभाग्य की बात होती है, लेकिन स्कूल भवन बनना परम सौभाग्य की बात होती है। आप सभी वनांचल क्षेत्रों में यहां के बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं वह सराहनीय कार्य है। यहां के बच्चे ने प्रयास, एकलव्य, नवोदय, नीट जैसे परीक्षाओं में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के खुलने से आसपास के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। कोरोना काल में सबसे ज्यादा नुकसान पढ़ाई में हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों के प्रयास से ऑनलाइन पढ़ाई और पढ़ई तुँहर द्वार से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार होता रहा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल, आश्रम, छात्रावास भवन की मरम्मत के लिए प्राक्कलन मांगा गया है। इसे बच्चों को स्कूल में सुविधा होगी।

स्कूल शिक्षा डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि स्कूल एवं शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया गया है। प्रदेश में लगभग 280 में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित है। जिससे हर वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा मिल रही है। प्रत्येक विकासखण्ड में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला गया है। जो अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम से पढ़ाई हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 101 नए आत्मानंद खुलेंगे। शिक्षा आज के समय में सबसे बड़ा हथियार है। जो समाज एवं परिवार में जाएगा तभी परिवार आगे बढ़ेगा। उन्होंने अभिभावक से बच्चों को स्कूल जरूर भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पहला ऐसा राज्य जहां 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा के मान से तेन्दूपत्ता खरीदा जा रहा हैं। राज्य सरकार ने लघु वनोपज बढ़ावा देते हुए महुआ को 17 रूपए से बढ़ाकर 30 रूपए प्रति किलो ग्राम खरीदने का निर्णय लिया। जिससे वनवासियों को आर्थिक लाभ हुआ। इस मौके पर मंत्री टेकाम ने नवोदय, प्रयास, एकलव्य एवं नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मान पत्र दिया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं शिक्षकों को सम्मानित किया।

संसदीय सचिव एवं मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि कुछ समय पहले नये जिला की सौगात मिली है और आज हाई स्कूल की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारे क्षेत्र का विकास हो रहा है। आज राज्य उन्नति के शिखर में पहुंचा है वह काबिले तारीफ है। इस मौके पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग मती तेज कुंवर नेताम, सदस्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड संजय जैन, जिला पंचायत सदस्य बिरेन्द्र मसिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत मती कुमारी जुरेशिया, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव राजेश सिंह, सहायक जिला परियोजना समन्वयक सतीश ब्यौहारे, सरपंच सुमन लाल गांवरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, स्कूल बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी केके बंजारे ने स्वागत भाषण दिया। हायर सकेण्डरी स्कूल आलकन्हार के प्राचार्य और हाई स्कूल कमरतरा के प्राचार्य ने स्कूल का प्रतिवेदन पढ़ा।

वर्ष 2022-23 में रोपित आम के पौधे में एक वर्ष के भीतर ही लगे फल

- फलदार पौधों से लहलहाया ''समक्का-सारक्का कुंज''

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के सीमावर्ती वनांचल स्थित भोपालपटनम का ''समक्का-सारक्का कुंज'' अब फजदार पौधों से लहलहाने लगा है। यहां कैम्पा मद अंतर्गत बीजापुर वनमंडल में भोपालपटनम परिक्षेत्र के शहर से लगे 10 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर 4 हजार आम, जामुन तथा कटहल के फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। ''समक्का-सारक्का कुंज'' में वर्षाऋतु 2022-23 में ही रोपण का कार्य किया गया था, जिसका अभी से बहुत अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे है और एक वर्ष के भीतर ही रोपित आम के लगभग सभी पौधो में पुष्पन हुआ

तथा उनमें फल भी लगे है।

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि भोपालपटनम के कक्ष क्रमांक 829 शहर से लगा होने के कारण विभाग के समक्ष सीमावर्ती वनभूमि में बढ़ता अतिक्रमण एक चुनौती बनी हुई थी। परन्तु सितम्बर वर्ष 2020 में विभाग द्वारा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया एवं कैम्पा मद अंतर्गत ए. पी. ओ. वर्ष 21-22 में असिंचित बांस वृक्षारोपण के लिए प्रस्तावित किया गया। क्षेत्र के अतिक्रमण से प्रभावित होने एवं वस्तुस्थिति को देखते हुए विभाग द्वारा असिंचित बांस वृक्षारोपण को सिंचित फलदार वृक्षारोपण (चौनलिंक फेंसिंग सहित) में परिवर्तित किया गया।

वृक्षारोपण परिवर्तित होने के पश्चात क्षेत्र में चौनलिंक फेंसिंग किया गया तथा वर्षा ऋतु - 22 में 10 हे. क्षेत्र में कुल 4000 उच्च गुणवत्ता के पौधे रोपित किये गये। रोपित पौधों में मुख्यत: 02 हजार आम के पौधे, 01 हजार कटहल के पौधे और 01 हजार जामुन के पौधे शामिल हैं। चूँकि रोपण क्षेत्र काफी वर्षो से रिक्त था, आसपास के लोग इस क्षेत्र का अतिक्रमण कर रहे थे। इसके रोकथाम हेतु विभाग द्वारा वृक्षारोपण को क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मेडाराम के आराध्य देवी के नाम पर ''समक्का- सारक्का कुंज'' का नाम दिया गया। यह इसीलिए क्योंकि समक्का सरक्का देवी क्षेत्र में सर्वमान्य है एवं विभिन्न धर्मो समुदायों द्वारा पूजे जाते हैं। इस पहल का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला तथा वर्तमान में रोपण क्षेत्र में लोगों का प्रवेश पूर्णत: बंद है।

यहां वर्षा ऋतु-22 में रोपण किया गया था। उच्च गुणवत्ता के पौधों का उपयोग, नियमित सिंचाई, खाद का सही उपयोग एवं रखरखाव के फलस्वरूप प्रथम वर्ष से ही परिणाम दिखने लगे हैं। लगभग सभी आम के पौधों में इस वर्ष पुष्पन हुआ तथा करीब 5-6 फीट पौधों में फल लगने शुरू हो गये है। पौधों के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए केवल कुछ पौधों में फल प्राप्त किया गया है। प्रयोग के तौर पर पौधों के बीच इस वर्ष साग-सब्जी जैसे पालक, लाल भाजी, बरबट्टी, बैगन, मूली, मिर्ची एवं टमाटर आदि अंतर फसल का उत्पादन लिया गया।

एसजीपी आटा के निर्माता को न्यायालय ने किया नोटिस जारी

सूरजपुर (आरएनएस)। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देश पर जिले में खाद्य पदार्थो की मिलावट एवं गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं इसी के परिपालन में आज खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी विभाग द्वारा जिले में अन्य दिगर राज्यों से मिसब्रान्डेड खाद्य पदार्थ को लाकर आम जनमानस के बीच विक्रय होने की शिकायत प्राप्त हो हुई थी। साथ ही साथ खाद्य पदार्थों में एक्सपायरी तिथि के निकल जाने के बाद उसमें छेड़-छाड़ कर पुन: खाद्य में प्रयोग करने के लिए तिथि लिखकर निर्माताओं के द्वारा पुन: बाजार में प्रेषित करने की शिकायत भी मिल रही थी। जिसके आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी नितेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम द्वारा विश्रामपुर के नगर पंचायत रोड स्थित दुकानों की औचक जांच कि गई। जांच के दौरान एस.जी.पी. आटा जो कि पुरैनी कटनी, (म.प्र.) के गोपाल प्रोटिन्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा निर्मित होता है, के खाद्य पदार्थ की जांच की गई। जिसमें शासकीय खाद्य प्रयोगशाला के द्वारा उपरोक्त आटा को मिसब्रान्डेड (मिथ्या छाप) घोषित किया गया। विभाग के द्वारा आगे विवेचना की गई।

शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आगमन आज

कोरबा (आरएनएस)। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन 9 अप्रैल को हो रहा है। चांपा से पहरिया मार्ग होते हुए टीपी नगर चौक पहुंचेंगे। जहां आदित्यवाहिनी के द्वारा स्वागत किया जाएगा । इसके पश्चात शंकराचार्य जी राजपूत छत्रिय समाज स्थित भवन में प्रस्थान करेंगे।

10 अप्रैल को सुबह 11.00 से 1.00 तक दीक्षा एवं संगोष्ठी का आयोजन राजपूत छत्रिय समाज स्थित भवन में किया जाएगा। इसके पश्चात निहारिका स्थित दशहरा मैदान में 3.00 से 4.00 बजे तक फूल माला एवम आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चार बजे से पांच बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 5 बजे शंकराचार्य जी राजपूत छत्रिय समाज स्थित भवन से निहारिका के सामने मधुस्वीट पहुंचेंगे। जहां लड़कियों के कर्मा दल के साथ महिलाएं पुष्प वर्षा करते हुए शंकराचार्य को दशहरा मैदान के धर्म सभा स्थल तक लेकर जाएंगे। धर्मसभा स्थल पर युवतियों के द्वारा शंख बजा कर एवं पंडितों के द्वारा स्वस्तिवाचन कर गुरुदेव का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा । स्वागत के बाद शंकराचार्य 11 अप्रैल को सुबह 11.00 बजे से 1 बजे तक दीक्षा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम राजपूत छत्रिय समाज स्थित भवन में किया जाएगा।

कोल इंडिया में सेप लागू, हर माह दो तारीख को मिलेगा वेतन

कोरबा (आरएनएस)। साउथ इस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड एसईसीएल समेत कोल इंडिया की सभी कोयला कंपनियों के कर्मचारी व अधिकारियों को अब एक ही निर्धारित तिथि में वेतन मिलेगा। इसके लिए कंपनी ने सैप लागू कर दिया है। अब माह के हर दो तारीख को कर्मियों के खाते में वेतन पहुंच जाएगा। वर्तमान में सभी अनुषंगी कंपनियों में एक तिथि में वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। कुछ कंपनियों में एक तारीख को तो कुछ में चार या पांच तारीख को वेतन भुगतान होता है।

कोल इंडिया के निर्देश के बाद एसईसीएल समेत सभी कंपनियों ने इसे लागू कर दिया है। अप्रैल माह में दो तारीख रविवार को होने की वजह से तीन को भुगतान किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कर्मियों के खाते से कटने वाली विभिन्ना मद की राशि जमा होने में दिक्कत आती थीए इसलिए कोल इंडिया स्तर पर हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि एक तारीख को भुगतान किया जाएगा। पहले कोल नेट के माध्यम से भुगतान होता थाए इससे मंथली रेटेड कर्मियों को दो या तीन तारीख तथा डेली वेजेस कर्मियों को माह की छह या सात तारीख वेतन प्रदान किया जाता है। कोल नेट सिस्टम हटा कर सभी कंपनी में ईआरपी के माध्यम से सैप लागू किया गया। इसके संचालन में दिक्कत आने से कर्मियों को वेतन भुगतान में विलंब होने लगाए पर धीरे-धीरे सुधार के बाद अब इसे पूर्ण रूप से लागू कर दिया गया है। साथ ही एक ही तिथि को वेतन भुगतान करने कहा गया है। एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष व जेबीसीसीआइ सदस्य गोपाल नारायण सिंह का कहना है कि कोई काम मैनुअल नहीं होना है। सेप सिस्टम संचालन में तकनीकी दिक्कत आने से वेतन विलंब से मिल रहा था। इसे दूर कर लिया गया है और अधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों को भी एक ही तिथि में वेतन बैंक खाते में जमा करने कहा गया है। क्षेत्रीय कार्मिक विभाग ने इसका पालन करना शुरू कर दिया है।

एसईसीएल समेत कोल इंडिया से संबद्ध सभी कंपनियों में वर्तमान में लगभग 2.44 लाख अधिकारी. कर्मचारी विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। इनमें एसईसीएल के कर्मियों की संख्या लगभग 44 हजार है। इन सभी कर्मियों को अब एक तिथि को वेतन मिलेगा। वहीं आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को ठेकेदार अपने स्तर पर वेतन का भुगतान करता है, पर अधिकांश कर्मियों को माह की सात तारीख तक वेतन उनके बैंक खाते में जमा कर दिया जाता है।

बैट्री चोरी मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार, थाना झिलमिली पुलिस की कार्यवाही

- 26 हजार रूपये कीमत के 2 बैट्री व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जब्त

सूरजपुर (आरएनएस)। दिनांक 06.04.23 को ग्राम केवरा निवासी सनलीत कुशवाहा ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 6 अप्रैल के सुबह समिति के रात्रि रक्षक के द्वारा बताया गया कि समिति भवन के पीछे खड़ी समिति के टेऊक्टर के बैट्री का पेटी खुला है जिसमें ट्रेक्टर का बैट्री नहीं है तथा पीछे के गोदाम में रखा 1 नग इन्वर्टर का बैट्री भी नहीं है, करीब 1 सप्ताह पहले साफ-सफाई के दौरान अंतिम बार देखा था। आसपास खोजबीन करने पर नहीं मिला, किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में मामले की विवेचना के दौरान मुखबीर से प्राप्त जानकारी के आधार पर संदेही दिपेश उर्फ गोलू पिता किशोर देवांगन उम्र 19 वर्ष निवासी इन्द्रा कालोनी भैयाथान को पकड़ा गया। बारीकी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दिनांक 31.03.23 के रात्रि में घर के पीछे स्थित सोसायटी परिसर में खड़ी ट्रेक्टर की बैट्री को अपने साथी सहजादा व सौरभ उर्फ राजा के साथ मिलकर चोरी करना तथा दिनांक 02.04.23 के रात्रि में साथी विनय व रिशुतोष सारथी के साथ मिलकर 1 नग इन्वर्टर का बैट्री चोरी कर समौली निवासी सिद्धू कबाड़ी को 730 रूपये में बिक्री कर प्राप्त रकम को आपस में बटवारा कर लेना बताया जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सौरभ गुप्ता पिता गेंदलाल उम्र 21 वर्ष निवासी भैयाथान, मोहम्मद शहजादा हसन पिता मो. अकरम अली उर्फ भोलू खान उम्र 25 वर्ष निवासी भैयाथान, रिशुतोष सारथी पिता महेश उम्र 19 वर्ष निवासी बडक्रापारा, थाना पटना, जिला कोरिया, विनय विक्रम प्रताप सिंह पिता अम्बिकेश्वर उम्र 20 वर्ष निवासी भैयाथान, सिद्धु ताम्रकार पिता स्व. जगमोहन उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम समौली, थाना झिलमिली को पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 2 नग बैट्री कीमत करीब 26000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

छत्तीसगढ़ में रबी फसलों की लक्ष्य से अधिक बोनी : बीते रबी सीजन से इस साल 5.77 प्रतिशत रकबा बढ़ा

- निर्धारित लक्ष्य के 45 प्रतिशत रकबे में दलहन की खेती

रायपुर । छत्तीसगढ़ में इस साल रबी के रकबे में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य हासिल करने के साथ ही 19.36 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, जो कि रबी सीजन के लिए निर्धारित 19.25 लाख हेक्टेयर के लक्ष्य का 101 प्रतिशत है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में बीते रबी सीजन में 18.30 लाख हेक्टेयर में खेती की गई थी। इस साल रबी रकबे में 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ ही कुल 19.25 लाख हेक्टेयर में बोआई का लक्ष्य



निर्धारित किया गया है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में 19.36 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बुआई हो चुकी है, जो कि बीते साल रबी के रकबे से 5.77 प्रतिशत अधिक है। राज्य में दलहन फसलों को प्रोत्साहन तथा समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था के चलते किसानों का रूझान इसकी खेती की ओर काफी तेजी से बढ़ा है। चालू रबी सीजन में दलहन फसलों की बुआई 8.65 लाख हेक्टेयर में की जा रही है, जो कि इस साल रबी फसलों की खेती के लिए प्रस्तावित रकबे का 45 फीसद है।

छत्तीसगढ़ में अब तक अनाज की बोनी 5.97 लाख हेक्टेयर में, दलहन की बोनी 8.14 लाख हेक्टेयर में और तिलहन की बोनी 2.84 लाख हेक्टेयर में, गन्ना की 42 हजार 410 हेक्टेयर और साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की लगभग 2 लाख हेक्टेयर हो चुकी है। राज्य में 2.71 लाख हेक्टेयर में गेहूं, 1.71 लाख हेक्टेयर में मक्का, 35 हजार हेक्टेयर में रागी, 11 हजार हेक्टेयर में जौ-ज्वार एवं अन्य फसलें और 1.55 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोनी पूरी कर ली गई है। इस प्रकार राज्य में 5.97 लाख हेक्टेयर में अनाज फसलों की बोनी पूरी कर ली गई है, जो कि रबी सीजन में अनाज फसलों की बोनी के लिए निर्धारित लक्ष्य 4.36 लाख हेक्टेयर का 137 प्रतिशत है।

इस तरह दलहनी फसलों की बुआई 8.14 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है, जिसमें चना की 3.86 लाख हेक्टेयर में, मटर की 55 हजार हेक्टेयर में, मसूर की 34 हजार हेक्टेयर में, मूंग की 31 हजार हेक्टेयर में, उड़द की 27 हजार हेक्टेयर में, तिवड़ा की 2.50 लाख हेक्टेयर में, कुल्थी की 23 हजार हेक्टेयर में तथा अन्य दलहन फसलों की 7 हजार हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है, जोकि दलहन फसलों की बोनी के लिए निर्धारित लक्ष्य का 94 प्रतिशत है।

इसी प्रकार राज्य में अब तक तिलहनी फसलों की बुआई 2.84 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है, जिसके अंतर्गत अलसी की बुआई 46 हजार 190 हेक्टेयर में, राई सरसों की 2 लाख हेक्टेयर में, तिल की 1370 हेक्टेयर में, सूरजमुखी 2960 हेक्टेयर, कुसुम की 6960, मूंगफली की 25,630 तथा अन्य तिलहनी फसल की बोनी 160 हेक्टेयर में पूरी हो चुकी है, जो कि तिलहन फसलों की बोनी के लक्ष्य का 75 प्रतिशत है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU